भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2474

(सोमवार, 3 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए)

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का बजट

2474. श्री बालाशौरी वल्लभनेनीः

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के कार्यान्वयन के पश्चात से इसके हेतु किए गए बजट अनुमानों तथा संशोधित अनुमानों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि उक्त योजना अभी भी प्रायोगिक चरण में है अथवा सरकार द्वारा मुख्य योजना को कार्यान्वित कर दिया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के कार्यान्वयन की वर्ष-वार स्थिति क्या है; और
(घ) उक्त योजना में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने हेतु प्रस्तावित हैं?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क): प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के आरंभ से इसके बजट अनुमान तथा संशोधित अनुमान का वर्षवार विवरण अनुलग्नक-**I** में संलग्न है।

(ख): बजट 2024-25 में घोषित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) प्रारंभ के तौर पर, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 03 अक्तूबर, 2024 को एक पायलट परियोजना का शुभांरभ किया। पायलट परियोजना के दो चरण पूरे हो चुके हैं और तीसरा चरण 12.03.2026 को जारी संशोधित दिशानिर्देशों के साथ अभी चल रहा है।

(ग): पीएमआईएस पायलट परियोजना में आंध्र प्रदेश राज्य से पोस्ट किए गए इंटर्नशपि अवसरों की संख्या, कंपनियों द्वारा दिए गए प्रस्ताव, अभ्यर्थियों द्वारा स्वीकार किए गए प्रस्ताव और शामिल हुए अभ्यर्थियों का चरणवार विवरण अनुलग्नक-**II** में संलग्न है।

(घ): पीएमआईएस पायलट परियोजना के चरण एवं द्वितीय चरण के कार्यान्वयन के दौरान प्राप्त अनुभवों के आधार पर, पीएमआईएस पायलट परियोजना के संशोधित दिशानिर्देश 12.03.2026 को निम्नलिखित प्रमुख परिवर्तनों सहित जारी कर दिए गए हैं:

क. कंपनी की आवश्यकतानुसार इंटर्नशिप की 6 अथवा 9 महीनों की लचीला अवधि प्रदान की गई है।

ख. मासिक भत्ता 5000 रूपए से बढ़ाकर 9000 रूपए कर दिया गया है।

ग. युवाओं के लिए आयु संबंधी आवश्यकता को 21-24 वर्ष से घटाकर 18-25 वर्ष कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त अभ्यर्थी और स्नात्तक/स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के छात्र भी भाग लेने के पात्र हैं।

घ. भागीदारी के लिए पात्र कंपनियों/संगठनों के दायरे में विस्तार किया गया है।

ङ. सतत इंटर्नशिप चक्र अपनाया गया है जिससे अवसरों की पोस्टिंग, अभ्यर्थियों का चयन ओनवोडिंग निरंतर जारी रहेगी।

इसके अतिरिक्त, इंटर्नशिप स्थानों की जियो-टैगिंग जैसी सुविधाओं को शामिल करके पोर्टल को और बेहतर बनाया गया है, जिससे विभिन्न स्थानों पर रिक्तियों और अभ्यर्थियों का स्थानांतरण सुगम हो गया है और कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों को दिए जाने वाले अतिरिक्त लाभों की दृश्यता बढ़ाई गई है। साथ ही, जागरूकता बढ़ाने के लिए लक्षित सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियां भी चलाई गई हैं, और योजना की पहुंच और भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और उद्योग संघों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय स्थापित किया गया है।

****

अनुलग्नक - I

दिनांक 03.08.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2474 भाग (क) का अनुलग्नक-I

पीएम इंटर्नशिप योजना के आरंभ से अब तक के बजट अनुमान और संशोधित अनुमान की वर्ष-वार जानकारी नीचे दी गई है:

(राशि करोड़ में)			
क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**बजट अनुमान ***	**संशोधित अनुमान**
1.	2024-25	2000	380
2.	2025-26	10831.07	526
3.	2026-27	4788.45*	-

* मुख्य योजना के लिए मंत्रालय को बजट अनुमान आबंटन किया गया है। तथापि, मुख्य योजना आरंभ नहीं हुई है, तथा पीएम इंटर्नशिप योजना का पायलट प्रोजेक्ट लागू किया जा रहा है।

अनुलग्नक **- II**

दिनांक 03.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2474 भाग (ग) का अनुलग्नक-II

पीएमआईएस पायलट प्रोजेक्ट के प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण में आंध्र प्रदेश राज्य में पोस्ट दिनांक 25 जुलाई 2026 तक किए गए इंटर्नशिप अवसरों की संख्या, कंपनियों द्वारा दिए गए ऑफ़र, अभ्यर्थियों द्वारा स्वीकार किए गए ऑफ़र और शामिल हुए अभ्यर्थियों की जानकारी नीचे दी गई है:

क्र.सं.	**चरण**	**पोस्ट किए गए इंटर्नशिप अवसरों की संख्या**	**कंपनियों द्वारा दिए गए ऑफ़र**	**अभ्यर्थियों द्वारा स्वीकार किए गए ऑफ़र**	**शामिल हुए इंटर्न**
1.	प्रथम चरण	4973	6164	1970	411
2.	द्वितीय चरण	4715	11095	2870	650
3.	तृतीय चरण*	6384	1520	848	556

*वर्तमान में**,** पीएमआईएस पायलट प्रोजेक्ट का तीसरा चरण चल रहा है।